Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to address the drinking water problem in Jhargram Parliamentary Constituency, West Bengal-laid.

श्री कुनार हेम्ब्रम (झाड़ग्राम): मेरे संसदीय क्षेत्र झारग्राम में पेय जल की समस्या गंभीर होती जा रही है। स्थानीय और जिला प्रशासन के प्रयासों से झारग्राम से कई किलोमीटर दूर लोगों तक टैंकरों से पीने का पानी पहुंचाया जाता है। दैनंदिन घरेलू उपयोग और मवेशियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मैंने उस क्षेत्र का कई बार दौरा किया हैं और स्थानीय लोगों से समस्या से अवगत हुआ। महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के शिलदा मंडल के कालियम में एक विशाल प्राकृतिक जलाधार है। जिसका पानी घरेलू, खेती और मवेशियों के उपयोग में किया जा सकता है। इस विशाल जलाधार के पानी को वाटर प्यूरिफिकेशन के माध्यम से पाइप लाइन द्वारा घर घर तक नल के जरिये आपूर्ति की जा सकती है। अतः जलशक्ति मंत्रालय से मेरा निवेदन है कि इस विषय पर गंभीरता से समस्या को हल करने का उचित कदम उठायें।